तापमान
अधिकतम 28.9 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 फरवरी 2025

11 प्रधान पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

12 निकाय चुनावः नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया ...


## खबर संक्षेप

### नारायणगढ़ः पानी के सैंपल की होगी जांच

**नारायणगढ़।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम पंचायत में जाकर पीने के पानी के सैंपल लेकर मौके पर ही उसकी केमिकल जांच की जा रही है। कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार चौहान ने बताया मोबाइल वैन द्वारा जिले के विभिन्न गांव में जाकर पीने के पानी का सैंपल लेकर उसकी केमिकल जांच की जानी है तथा टीम मेंबर्स ने गांव के लोगों को पानी के बचाव तथा कैसे वह लोग अपने पानी की समय समय पर जांच करा सकते हैं।

### जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरदीपक सिंह उर्फ दीपी व चरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। नूरपुर के अभिषेक ने 10 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि युवराज पैलेस दुराला के पास आरोपियों ने उस व उसके दोस्त को रोककर उससे मारपीट करने, चाकू से वार करके जानलेवा हमला करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कार का शीशा तोड़कर चुराया पैसों से भरा बैग

**यमुनानगर।** जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में एक कार का शीशा तोड़कर पैसों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में 33 हजार 800 रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यमुनानगर की रघुनाथ कॉलोनी लालद्वारा निवासी अंकुश ने शहर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी कार से शाम छह बजे जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में गया था। उसने अपनी कार सड़क के किनारे खड़ी की थी। वह कार को लॉक करने के बाद अपने काम से चला गया। जब कुछ देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि कार का शीश टूटा हुआ है और अंदर रखा बैग गायब है।

### पानीपत में युवक ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत की कश्यप कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय अरविंद पासवान मूल निवासी गांव भावपुर जिला कुशीनगर ने अपने कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। अरविंद्र को उसकी पत्नी निक्की ने फंदे पर लटके देखा। निक्की के रोने की आवास सुन कर आसपडोसी एकत्र हो गए और फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### नहर से यूपी के युवक का शव मिला

**पानीपत।** दिल्ली पैरलल नहर में चार दिन पहले डूबे 22 वर्षीय अभिषेक मूल निवासी छपरौली जिला बागपत, उत्तर प्रदेश का शव बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अभिषेक का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। सचिन ने अपने भांजे अभिषक को मदद के लिए अपने पास बुलाया था। हादसे के दौर अभिषेक, नहर में बह रहे नारियल को निकाल रहा था, इस दौरान वह नहर में गिर गया था।

### पानीपतः आवारा कुत्ते ने बच्चे को काटा

**पानीपत।** रिंग रोड मॉडल टाउन क्षेत्र में बहुत समय से आवारा कुत्तों की तादात बढ़ती जा रही है। आये दिन आवारा कुत्तें राहगीरों को काट रहे है जिस वजह से आने जाने वालो के दिल में डर का माहौल है और इस डर की वजह से ग्राहकों का बाजार आना मुश्किल हो गया है। कभी ये कुत्ते दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों को शिकार बना लेते है दो दिन पहले गुरुद्वारा चौक पर हर्षल गुगलानी पुत्र हरीश गुगलानी को आवारा कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया।

### कुरुक्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन करवाने पहुंचे नायब सिंह सैनी

# अब प्रदेश में बनेगी नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकारः मुख्यमंत्री

- प्रदेश में केन्द्र, राज्य और अब शहर की सरकार मिलकर तेजी के साथ विकास कार्यों को पूरा करेगी
- पार्षद पद का चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं और मांगों की तैयार की गई है सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ थानेसर परिषद की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार व वार्ड के प्रत्याशी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घर-घर तक सरकार की योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लिए अब प्रदेश में नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार बनेगी। इस प्रदेश में केन्द्र, राज्य और अब शहर की सरकार मिलकर तेजी के साथ विकास कार्यों को पूरा करेगी। इन चुनावों में भाजपा के मेयर, चेयरमैन और पार्षद भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में नगर परिषद थानेसर की उम्मीदवार माफी ढांडा और पार्षद पद के 32 उम्मीदवारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर परिषद थानेसर की अध्यक्ष पद उम्मीदवार माफी ढांडा, वार्ड 1 से भाजपा उम्मीदवार गौरव कुमार भट्टद्द, वार्ड 2 से प्रवीण रानी, वार्ड 3 से सिमरन, वार्ड 4 से कमल किशोर, वार्ड 5 से संदीप कोहली, वार्ड 6 से ज्योति जांगडा, वार्ड 7 से निशा मदान, वार्ड 8 से सतीश कुमार गर्ग, वार्ड 9 से मणक सिंह, वार्ड 10 से पंकज खन्ना,वार्ड 11 से सुषमा मेहत्ता, वार्ड 12 से दरबारा सिंह सैनी, वार्ड 13 से दुष्यंत हरयाल बख्शी, वार्ड 14 से बख्शीश कौर सैनी, वार्ड 15 से मोहन लाल अरोड़ा, वार्ड 16 से सरिता देवी, वार्ड 17 से प्रेम नारायण अवस्थी, वार्ड 18 से श्याम लाल सिंगला, वार्ड 19 से मुकंद लाल सुधा, वार्ड 20 से मनिंद्र सिंह छिंदा, वार्ड 21 से एकता गोयल सिकरी, वार्ड 22 से चेतन धानक, वार्ड 23 से गुरजीत सिंह सैनी, वार्ड 24 से पूजा यादव, वार्ड 25 से आशु बाला, वार्ड 26 से प्रिया नारंग, वार्ड 27 से धनराज, वार्ड 28 से रेखा, वार्ड 29 से रामराज कौशिक, वार्ड 30 से वेद प्रकाश, वार्ड 31 से कवि बजाज व वार्ड 32 से सुधीर चुघ से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और चुनाव जीतने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने नगर परिषद थानेसर की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार माफी ढांडा का सहायक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार परमजीत सिंह के पास नामांकन पत्र दाखिल करवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है, चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा। प्रत्येक कार्यकर्ता उसे गंभीरता से लड़ता है। हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए है और इन चुनावों में भी भाजपा अपना परचम लहराएगी। इस नगर परिषद थानेसर में अध्यक्ष पद और पार्षद पद पर चुनाव लडने वाले भाजपा के सभी उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्षद पद का चुनाव लडने वाले सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं और मांगों की सूची तैयार की गई है। इसी तरह अध्यक्ष पद की उम्मीदवार माफी ढांडा की तरफ से भी शहर को विकसित करने के साथ-साथ आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए सूची तैयार की है। उन्होंने कहा कि इन दोनों सूचियों को लेकर भाजपा की तरफ से शहर के विकास के लिए एक खाका तैयार किया जाएगा और चुनावों के बाद योजनाबद्घ तरीके से हर वार्ड का सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को अपनाकर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### थानेसर नप के सभी 32 वार्डों में भाजपा जीतेगीः सुभाष सुधा

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर नगर परिषद के अध्यक्ष पद और सभी 32 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतेंगे। इन सभी वार्डों में लोगों की इच्छा के अनुसार ही प्रत्याशियों को खडा किया गया है और सभी प्रत्याशी युवा और दिन रात काम करने के लिए तत्पर है। इस शहर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के मार्गदर्शन में विकास कार्य करवाए जाएंगे। सभी वार्डों में सामान रूप से विकास कार्य होंगे और इसकी योजना उम्मीदवारों के माध्यम से तैयार कर ली गई है। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा के वरिष्ठद्द नेता सुभाष कलसाना, गुरनाम सिंह सैनी, रविन्द्र सांगवान, प्रदीप झांब, सुरेन्द्र सैनी कुक्कु, टोनी मदान, मलकीत ढांडा, भाजपा के सभी मंडल प्रमुख, नेतागण और गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### आप ने पंजाब को कंगाल और बर्बाद कर दिया, चुनाव में भाजपा आएगीः ढांडा

**करनाल।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि आम आदमी पार्‌आी के नेता भारत के दुश्मनों के इशारे पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद अब सरकार पंजाब में भाजपा की बनेगी। कांग्रेस के प्रत्याशी पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी के साथ नामांकन प्रक्रिया के दौरान चार आदमी भी नहीं थे। भाजपा पर प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप कांग्रेस वाले लगाते हैं। लेकिन कांग्रेस वालों के हालात ऐसे हो चुके है कि इनके साथ कोई नामांकन के दौरान जाने वाला भी नजर नहीं आता। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब के मंत्रियों को चोर तक बता दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मंत्री चोर हैं। उन लोगों ने पंजाब के अंदर गदर मचा रखा है। इन लोगों ने पंजाब को कंगाल कर दिया, पंजाब को बर्बाद कर दिया। अब वे अपनी साख बचाने के लिए बहाने ढूंढ रहे है, इनका आका केजरीवाल को लोगों ने पानी में बैठा दिया, क्योंकि उसने लोगों से बहुत ज्यादा झूठ बोला था। अमेरिका से डिपोर्ट होने वाले अप्रवासी भारतीयों के सवाल पर महिपाल ढांडा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री इस मामले पर नजर लगाए हुए है। उनकी डेप्लोमेटिक बात भी शायद शुरू हुई है।


चावल स्टाल का रिबन काटकर शुभारंभ करते चिराग पासवान साथ में सीएमडी पंकज गोयल व अन्य।

### गल्फ फूड के मेले मे 521 चावल व फूड प्राडक्टस का लगाया स्टाल

**तरावड़ी।** पूरे विश्व के व्यापारी व उद्योगपति दुबई के गल्फ फूड के मेले में भाग लेने जाते हैं। इस मेले मे सभी फुड प्रोडक्ट निर्माता एवं एक्सपोर्टर अपने अपने चावलों के ब्रांड को लेकर स्टॉल लगाते हैं। हर साल की तरह इस बार भी पूरे विश्व के चावल व्यापारी फूड प्रोडक्ट लेकर वल्ड ट्रेड सेंटर दुबई के गल्फ मेले में भाग लेने पहुंचे है। इस बार यह वल्ड ट्रेड सेंटर दुबई का गल्फ मेला 17 फरवरी से 21 फरवरी तक लगाया जा रहा है। इस मेले में तरावड़ी शहर के राइस मिलर्ज अपने अपने चावल ब्रांडों को लेकर अपने-अपने स्टाल लगाऐं है। आज से इस मेले का शुभारंभ हो चुका है। आज का शुभारंभ एपीडा के चिराग पासवान, अभिषेक देव, एपीडा तरूण बजाज, एपीडा सुधांशु, आल इंडिया राईस एक्सपोर्ट यूनियन के प्रधान सतीश गोयल की रिबन काटकर किया गया।

### दुकान में घुसकर की मारपीट, दुकान में रखा सामान भी तोड़ा

**यमुनानगर।** प्रतापनगर में एक युवक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर एक दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। जिससे दुकान का काफी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रतापनगर निवासी विवेक गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले हरमन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। विवेक ने बताया कि 14 फरवरी को शाम पांच बजे वह दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान आरोपी हरमन अपने दो-तीन साथियों के साथ उसकी दुकान में घुस गया। आरोपियों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## अमेरिकी सरकार ने डंकी रूट से गए मनीष को वापस भेजा

**जनवरी में एजेंटों को 45 लाख रुपये देकर गया था यूएस**

**पानीपत।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे मनीष निवासी सौदापुर को भी अमेरिकी सरकार ने वापस भेज दिया है। मनीष ने अमेरिका जाने के लिए अपनी दुकान बचे और रिश्तेदारों से नगदी उधार ली। एजेंट ने 45 लाख लेकर मनीष को कोलंबिया के रास्ते मेक्सिको भेज दिया। इसके बाद डोंकर ने पांच जनवरी को मनीष को अमेरिका में दाखिल करा दिया। जहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब अमेरिका से उसे वापस भारत डिपोर्ट कर दिया गया है। वहीं मनीष की मां सरोज ने बताया कि मनीष अमेरिका जाकर पैसे कमाना चाहता था और अच्छा जीवन व्यतीत करना चाहता था। उसने एजेंट से बात की तो एजेंट ने 45 लाख रुपए मांगे। उनकी सौदापुर में दुकान थी। उसने अपनी दुकान 37 लाख रुपए में बेच दी। एक रिश्तेदार से 8 लाख रुपए उधार लिए और एजेंट को पैसे दे दिए। एजेंट ने नवंबर में मनीष को दिल्ली एयरपोर्ट पर बुलाया, यहां उसे एक माह तक एक होटल में रखा गया। इसके बाद उसे कोलंबिया ले जाया गया। यहां से नांव में उसे तेजवाना ले जाया गया। फिर वह पनामा के खतरनाक जंगलों में पहुंचा। जंगलों को पार करते हुए वह घायल भी हो गया। मनीष रोज वीडियो कॉल कर उन्हें अपनी स्थिति बताता था। वहीं, पनामा के जंगल में डोंकर ने उनका अपहरण कर लिया। उसे छोड़ने की एवज में उनसे 5 लाख रुपए मांगे गए। जब उसने एजेंट से इस बारे में कहा तो उसने जवाब दिया कि पैसे दे दो डोंकर खतरनाक है। उसने मनीष को बचाने के लिए 5 लाख रुपए डोंकर के खाते में भेज दिए। इसके बाद 5 जनवरी को डोंकर ने अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर की दीवार से मनीष को अमेरिका में कूदा दिया। मनीष ने अमेरिका में पुलिस चौकी में जाकर अपनी गिरफ्तारी दी। इसके बाद उनका मनीष से कोई संपर्क नहीं हुआ।

### रंजिश के चलते युवक पर कटर से किया हमला, केस दर्ज

- कान, गले, बाजू व पेट में चोट के निशान, अस्पताल में उपचाराधीन

**यमुनानगर।** शहर की पुराना हमीदा कॉलोनी में रंजिश के चलते एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर आनंद कॉलोनी निवासी सुरज पर कटर से हमला कर दिया। जिससे सुरज के कान, गले, बाजू व पेट में चोट लगी है। जिससे उसे टांके लगाने पडे। घायल सुरज का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी आनंद कॉलोनी निवासी सुरज ने पुलिस को दी शिकाायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही हर्ष के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। हर्ष ने साथियों को मौके पर बुलाकर कटर से हमला कर दिया।

**आरोपी ने तीन बाइकों का चेसिस नंबर भी खरोच डाला**

## एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने चोर को किया गिरफ्तार, चार बाइक बरामद

- गुप्त सूचना पर बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले को बूडिया गुरुद्वारा के पास से धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बूडिया गुरुद्वारा के पास से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की चार बाइकों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के लिए बूडिया गुरुद्वारा के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक अनिल कुमार, मुख्य सिपाही रणधीर, रविंद्र, योगेश व नरेश की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो आरोपी ने बाइक चोरी की चार वारदातों का खुलासा किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान रामनगर कॉलोनी निवासी इमरान के रूप में हुई। पुलिस टीम ने आरोपी से चोरी की गई चारों बाइकों को बरामद कर लिया। आरोपी ने एक बाइक नवंबर 2024 को सुरभि पैलेस जगाधरी से चोरी की थी। इसकी अतिरिक्त आरोपी से तीन ऐसी बाइक बरामद हुई है जिसका आरोपी ने चेसिस नंबर खरोचा हुआ है। इन बाइकों के बारे में पुलिस जांच कर रही है। टीम ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।


**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी बाइक चोर। फोटोः हरिभूमि

**समारोह** केयू का दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय देंगे 34वां दीक्षांत भाषण

*1746 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी*

# केयू दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के 91 टॉपर्स को दिए जाएंगे गोल्ड मेडल

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि
- दीक्षांत रिहर्सल कार्यक्रम में केयू के सभी अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने लिया भाग
- समारोह में लगभग यूजी व पीजी के 2000 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का 34वें दीक्षांत समारोह के लिए विश्वविद्यालय का श्रीमद्भगवद् गीता सदन पूरी तरह सज चुका है। 18 फरवरी को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि होंगे तथा हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय विद्यार्थियों को 34वां दीक्षांत उपदेश देंगे। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस तथा कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को केयू ऑडिटोरियम हॉल में कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने जायजा लेते हुए सभी कमेटी संयोजकों, सदस्यों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर ऑडिटोरियम हॉल में रिहर्सल के दौरान सभी पीएचडी, डिग्री एवं गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले चरण में पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले सभी संकायों के विद्यार्थियों को रिहर्सल कराई गई। रिर्हसल में कला एवं भाषा संकाय, विज्ञान संकाय, समाज विज्ञान संकाय, जीव विज्ञान संकाय, फार्मास्यूटिकल साइंस संकाय, शिक्षा संकाय, प्राच्य विद्या संकाय, विधि संकाय, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गौरवशाली क्षण है कि विश्वविद्यालय 34वें दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें।

केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 34वें दीक्षांत समारोह में 130 पंजीकृत शोधार्थियों को अतिथियों द्वारा पीएचडी उपाधि दी जाएगी। समारोह में लगभग यूजी व पीजी के 2000 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 91 गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। रिहर्सल के दौरान सभागार में सभी कमेटियों के संयोजक, सदस्य एवं अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।



### डॉ. राज कुमार को नवाजा जाएगा डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी की उपाधि से

**कुरुक्षेत्र।** सन 1911 में विस्थापन का दंश झेलते बुजुर्गों ने बीहड़ जंगलों को काट कर अपने खून-पसीने से कुरुक्षेत्र के आस-पास के कई गांवों को उपजाऊ बनाने का काम किया। पावन नदी सरस्वती के तट पर बसे ऐसे ही एक छोटे से गांव बीड पिपली मे डा. राज कुमार कबूल चन्द का जन्म 5 अप्रैल 1974 को हुआ। वर्तमान मे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन मे एमए कर रहे डा. राज कुमार इससे पहले यहां से बीए आनर्स, बैचलर आफ एजुकेषन, एमए इतिहास के अलावा जनसंचार एवं पत्रकारिता में एमए के साथ एमफिल और पीएचडी कर चुके हैं। वो पिछले बाईस सालों से जल-सरंक्षण के लिये जन जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसके लिये उन्होंन मीडिया और जन जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन और किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने जैसे कई साधनों का सहारा लिया है। डॉ. राज कुमार में जल-सरंक्षण अभियान के प्रति इतना जुनून है कि उन्होंने पीएच.डी. में रिसर्च का विषय भी जल-सरंक्षण अभियान और किसानों के व्यवहार को स्टडी करने के लिऐ ही चुना था। जल-सरंक्षण अभियानों का हरियाणा के किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव को अध्ययन कर पीएच.डी. थीसिज प्रस्तुत कर चुके हैं। किसान परिवार में पैदा हुये डा . राज कुमार किसानों के पानी के अभाव से भलि-भांति परिचित हैं।

## खबर संक्षेप

### मंदिर में भागवत कथा का किया आयोजन

**थानेसर।** मैन बाजार में स्थित इस्कॉन के श्रीराधा राधाकांत मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा व्यास श्रीमान साक्षी गोपाल प्रभुजी ने कीर्तन और मंगलाचरण प्रार्थनाओं के साथ कथा की शुरूआत की। प्रभु जी ने बताया कि किसी व्यक्ति के गुण का सम्मान ना होना बहुत बड़ा अपराध है अवगुण तो सब में होते हैं लेकिन जब किसी में कोई विशेष गुण होता है वह भगवान श्री कृष्ण द्वारा दी गई विभूति होती है उसका सम्मान होना ही चाहिए।

### डीईओ से मिला संघ का प्रतिनिधिमंडल

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, कुरुक्षेत्र की जिला इकाई जिला प्रधान अमर सिंह के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा से मिली। पूर्व राज्यकोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा ने अधिकारी के समक्ष संगठन के बारे में विस्तार से बताया। जिला संरक्षक रमेश थाना ने अपील की है कि संगठन अध्यापकों के यदि किसी कार्य के लिए आते हैं तो आप उसे जल्द करने का कार्य करें।

### पीडियाट्रिक सर्जन के रूप सेवाएं देंगे डॉ. सचिन

**शाहबाद।** मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कालेज व अस्पताल में डा. सचिन कुमार ने पीडियाट्रिक सर्जन के रूप में पदभार संभाल लिया है। पीडियाट्रिक सर्जन डा. सचिन कपूर इससे पूर्व बहुत से अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डा. सचिन कपूर ने बताया कि आदेश के पीडियाट्रिक विभाग में बच्चों में जन्मजात विकृति के अतिरिक्त पेशाब, आंत, अपेंडिक्स की सर्जरी की जा रही है।

### मंदिरों के महाकुम्भ में शक्तिपीठ हुआ शामिल

**कुरुक्षेत्र।** तिरुपति में आज से अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन एवं एक्सपो का शुभारंभ हुआ । इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन व एक्सपो की शुरूआत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रमोद सावंत व चंद्रबाबू नायडू के कर कमलों द्वारा हुई। मंदिरों का यह महाकुम्भ 17 से 19 फरवरी तक चलेगा, जिसमें 58 से अधिक देशों के 1800 से अधिक महत्वपूर्ण मंदिरों के प्रशासक, ट्रस्ट प्रमुख, धार्मिक विद्वान और प्रबंधन विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हं । सम्मेलन में मां भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र के पीठाध्यक्ष प. सतपाल शर्मा भी 6 सदस्यीय टीम के साथ भाग लेने पहुंचे ।

# भाजपा-कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों ने भरा पर्चा, दोनों दलों के 46 प्रत्याशियों में टक्कर

## दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर दाखिल करवाया नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा और कांग्रेस के मेयर दो उम्मीदवारों सहित सभी 22 वार्डों के 44 पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल करवा दिया है। दोनों मेयर प्रत्याशियों को मिलाकर दोनों दलों के कुल 46 उम्मीदवारों में टक्कर होगी। निर्दलीय और दूसरे दलों के प्रत्याशियों की संख्या अलग है। भाजपा से मेयर पद के लिए सुमन बहमनी और कांग्रेस मेयर प्रत्याशी किरण बाला के बीच मुकाबला होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि सोमवार को यमुनानगर जगाधरी नगर निगम चुनावों में मेयर पद की भाजपा उम्मीदवार सुमन बहमनी सहित नगर निगम के सभी 22 वार्डों के लिए भाजपा पार्षद उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल करवाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग सहित बहुत से वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी साथ रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि जिला यमुनानगर में भाजपा संगठन मजबूती के साथ कार्य कर रहा है। भाजपा का हर पदाधिकारी व हर कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशियों के साथ है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर जिले की देवतुल्य जनता ने हरियाणा प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अब नगर निगम चुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद से ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाई जाएगी।

### कमल खिलाने को भाजपा तैयार : अरोड़ा



यमुनानगर। भाजपा की मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी नामांकन दाखिल करती हुई।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस का कोई भी जनाधार नहीं है। कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो चुका है जनता का मूड भी कांग्रेस के प्रति नहीं रहा। दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का खाता तक नहीं खुला। यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर चुनाव को गंभीरता से लड़ता है। इसलिए मेयर पद सहित सभी वार्डों में कमल खिलाने के लिए भाजपा परिवार के कर्मठ कार्यकर्ता तैयार हैं। भाजपा की मेयर पद प्रत्याशी सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम चुनावों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली के मार्गदर्शन में भाजपा की जीत के बाद निगम क्षेत्र का तीन गुना गति से नॉन-स्टॉप विकास होगा और नई परियोजनाएं तैयार कर जनता को सुविधाएं दी जाएंगी।

### कांग्रेस की मेयर बनाएंगे कार्यकर्ता : वरुण



यमुनानगर। कांग्रेस मेयर प्रत्याशी किरण बाला का स्वागत करते कांग्रेस नेता।

नगर निगम मेयर के लिए कांग्रेस प्रत्याशी किरण बाला ने नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को नामांकन किया। इस दौरान अंबाला के सांसद वरुण मुलाना मुख्य रूप से मौजूद रहे। मेयर प्रत्याशी समेत नगर निगम के 22 वार्डों के कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन भरे। नगर निगम के मेयर कांग्रेस प्रत्याशी किरण बाला वार्ड के प्रत्याशियों समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता इंटक हाल में इकट्ठे हुए। जहां पर मेयर प्रत्याशी का स्वागत किया गया। सांसद वरूण मुलाना ने कहा कि निगम चुनाव कांग्रेस पार्टी बड़ी मजबूती के साथ लड़ेगी, और कांग्रेस की मेयर बनाएगें। आमजन के निगम से जुड़े हुए मुद्दे को जोर शोर से उठाया जाएगा। मौके पर कोर्डिनेटर राजकुमार त्यागी, पूर्व प्रत्याशी रमन त्यागी, भारत शर्मा बब्बू, निलय सैनी, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, राजपाल भूखड़ी, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### हर गतिविधि पर रहेगी नजर

# अब तीसरी आंख के पहरे में होंगे नगर निगम कार्यालय हर शाखा में होंगे सीसीटीवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम कार्यालय अब तीसरी आंख के पहरे में रहेंगे। निगम द्वारा तीनों जगह चल रहे कार्यालयों की हर शाखा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे लगने से पब्लिक डीलिंग वाली शाखाओं में विशेष नजर रखी जाएगी। यह कैमरे नगर निगम से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता लाने व अधिकारियों व कर्मचारियों की गतिविधियों पर निगाह रखने के लिए लगेंगे।

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि सीसीटीवी लगने से निगम कार्यालय में अपनी शिकायत व काम को लेकर आने वाले व्यक्तियों पर नजर रहेगी।

उन्होंने बताया कि नगर निगम कार्यालय तीन हिस्सों में बंटा हुआ है। मुख्य कार्यालय रेलवे रोड पर शहीद भगत सिंह चौक के पास है। यहां पर सफाई शाखा, प्रॉपर्टी टैक्स शाखा, किराया शाखा, लेखा जोखा शाखा, भवन शाखा, जन्म एवं मृत्यु शाखा, स्थापना शाखा, कानूनी शाखा, परिवार पहचान पत्र हेल्प डेस्क, शिकायत कक्ष, आईटी सेल, नागरिक सुविधा केंद्र समेत विभिन्न शाखाएं व कक्ष बने हुए हैं। इनके अलावा नगर निगम आयुक्त, अतिरिक्त निगमायुक्त, उप निगम आयुक्त कार्यालय, वरिष्ठ लेखाकार, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी व अन्य अधिकारियों के कार्यालय भी यहीं है।

#### वर्क अलॉट हो चुका

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि निगम का दूसरा कार्यालय कन्हैया साहिब चौक के नजदीक बना हुआ है। यहां पर अभियंता शाखा, भवन शाखा, लाइट शाखा, एनयूएलएम, पीएमएवाई शहरी समेत विभिन्न कार्यालय चल रहे हैं। इसी तरह जगाधरी झंडा चौक के पास जगाधरी जोन का कार्यालय पहले से चल रहा है। वार्ड एक से सात जगाधरी, आठ से 15 शहीद भगत सिंह चौक व 16 से 22 वार्ड संबंधित कार्य कन्हैया साहिब चौक के नजदीक बने कार्यालय में होते हैं। नगर निकाय चुनाव की घोषणा से पहले निगम कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का टेंडर व वर्क अलॉट हो गया था।



आयुक्त आयुष सिन्हा।

# बच्चों ने प्रतियोगता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सहारा इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव व क्रीड़ा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर उनके साथ सहारा ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरपर्सन विक्रांत अग्रवाल, प्रबंधिका गीतिका अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य रितु गोगिया व अंकुश गोयल मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में सहारा के निशानेबाजों ने शूटिंग एक्ट के माध्यम से दर्शकों का स्वागत कर उनको आश्चर्चकित कर दिया। रोमांचक रोलर स्केटिंग, एक्ट भक्त महाकाल के, मलखम हनी बनी डांस, सालसा, स्वैग से स्वागत, भांगड़ा, जोकर डांस, माइम गाथा किसान की, चिरमी डांस, योग और विभिन्न ड्रिल्स आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। दिनभर चली रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने टीम वर्क दृढ़ता और आत्म अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया।

इनमें प्रमुख रूप से टॉर्च रिले, रैबिट रेस, बैग पैक रेस, इसरो रेस, कलेक्ट द कोन, सैक रेस, बॉल बैलेंसिंग, हर्डल रेस, बैक रेस, स्त्रेक रेस, लॉन्ग जंप आदि शामिल थीं। मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और खेल आयोजनों से छात्रों के कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विक्रांत अग्रवाल व गीतिका अग्रवाल ने कहा कि सहारा इंटरनेशनल स्कूल छात्रों की छिपी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



यमुनानगर। सहारा इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

# कॉलेज में चल रही चार दिवसीय नृत्य कक्षाओं का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में युवा एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय नृत्य कक्षाओं का सोमवार को समापन हो गया। नृत्य डांस अकेडमी से मास्टर करन ने कॉलेज में विद्यार्थियों को डांस के बेसिक स्टेप्स सिखाए।

कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र कुमार ने डांस क्लास के समापन पर संस्कृत विभाग तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की कक्षाओं से हमारा सर्वांगीण विकास होता है। आज से महाविद्यालय में दो दिवसीय बसंत उत्सव का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया।

# रोबोटिक्स परियोजनाओं की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राष्ट्रीय नवाचार दिवस के अवसर पर सोमवार को जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग के तत्वावधान में रोबोटिक्स पर एक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के छात्रों ने अपनी रोबोटिक्स परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम आईआईसी और ईडी सेल के सहयोग से आयोजित किया गया। सत्र में छात्रों को रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों व उनके वास्तविक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों द्वारा तैयार किए गए रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के रोबोटिक्स मॉडल और उनकी कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया गया। संस्थान के छात्रों द्वारा विकसित रोबोटिक्स परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। वक्ता डॉ. नेहा छाछरा ने रोबोटिक्स के क्षेत्र में हालिया प्रगति और उद्योगों पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों को तकनीकी नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की समर्पण भावना और रचनात्मकता की सराहना की, जेटीआईईटीआई ने नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि यह आयोजन छात्रों को नवोन्मेष और तकनीकी विकास के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण कदम था। यह संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह भविष्य के उद्यमियों और तकनीकी विशेषज्ञों को तैयार कर रहा है।



यमुनानगर। जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में प्रदर्शनी में भाग लेते विद्यार्थी।

# शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**रादौर।** महाकाल गुरप युवा मंच द्वारा गांव बरहेडी में चौथे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश दताना व सरपंच सुनील कौशल ने अमर शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। रक्तदान शिविर में 52 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सतीश दताना ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर पर कोई विपरित असर नहीं पड़ता है। सभी को रक्तदान करके दूसरो के अमूल्य जीवन को बचाना चाहिए। मंच के प्रदेश महासचिव डॉ. मनीष कांबोज ने बताया कि चार वर्षों से अमर शहीद उधम सिंह की जयंती पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पंवार ने बताया कि संगठन द्वारा 10 से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाए जा चुके है। लेकिन युवा टीम की ओर से गांव बरहेड़ी में यह लगातार चौथा रक्तदान शिविर लगाया गया है। इस अवसर पर अमन प्रजापति, राजन गागट, अरुण पंवार, हिमांशु, रवि बराड, अनुज व विजय आदि मौजूद रहे।



# अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब स्थापना दिवस पर 23 को रक्तदान शिविर

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब के स्थापना दिवस के अवसर पर 23 फरवरी को शहर के शांति देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाजसेवी व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र राणा मुख्यातिथि होंगे। क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने बताया कि क्लब की ओर से रोटेरियन भूपेंद्र राणा के पिता स्वर्गीय योगराज सिंह राणा व रोटेरियन विजय आढ़ती के पिता स्वर्गीय सोमनाथ की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. अशोक मिगलानी, डॉ. एससी सैनी, डॉ. शुभम सलूजा, डॉ. अमन पंजेटा, डॉ. सुदेश बंसल, विपिन शर्मा, भारत माटिया, मलखान सिंह की देखरेख में होगा।

# स्कूल में प्रदर्शनी में छात्रों ने मॉडल किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर स्थित रैशनल वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शीर्षक स्पेक्ट्रम 2.0 रखा गया। इस प्रदर्शनी में स्कूल के छात्रों ने विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या परनीत कौर ने बताया कि यह प्रदर्शनी सभी विद्यार्थियों के लिए खुले स्तर पर आयोजित की गई थी। प्रदर्शनी में सभी विषयों से संबंधित मॉडलों को प्रस्तुत किया गया था। मौके पर पहुंचे बच्चों के अभिभावकों ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियें ने अपने द्वारा बनाए गए मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विषय की प्रदर्शनी को अलग-अलग नाम दिए गए। हिंदी की प्रदर्शनी को ज्ञानोत्सव का नाम दिया गया। वहीं अंग्रेजी की प्रदर्शनी को ग्रैमर ग्रालोर, साइंस प्रदर्शनी को वंडर लैब, गणित प्रदर्शनी को रेडिकल्स थिंकर्स, सामाजिक विज्ञान को एक्सप्लोरिंग आर वर्ल्ड तथा योगा की प्रदर्शनी को योगा जॉन का नाम दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए।



# शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र करें निपटान : उपायुक्त

**यमुनानगर।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जाए। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिला स्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पंचायतों से सम्बन्धित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडल स्तर पर तथा नगर निगम से सम्बन्धित शिकायतों के निपटान के लिये नगर निगम कार्यालय यमुनानगर-जगाधरी में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शिविर लगाए जा रहे हैं।

### रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन की बैठक हुई

# पेंशन के लिए अतिरिक्त बजट उपलब्ध करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन यमुनानगर जोन की बैठक शहर के छोटी लाइन स्थित कॉलेज में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा और संरक्षक डॉ. बलबीर सिंह उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता डॉ. वरिंद्र गांधी ने की। बैठक में विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. आशा कपूर, डॉ. अविनाश सिंह और डॉ. बीबी महाजन उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम जोन प्रधान प्रो. सुभाष वोहरा, उप प्रधान प्रो. सुभाष सहगल और वित्त सचिव प्रो. युगेश द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनको सम्मानित किया। इसके उपरांत सचिव प्रो. देवेंद्र आनंद ने नवंबर 2024 में हुई मीटिंग की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने रिटायर्ड सदस्यों से जुड़े विभिन्न कोर्ट केसों की वर्तमान स्थिति से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तीन सौ करोड़ रुपये की राशि आबंटित हुई थी। जिसमें से जनवरी तक की पेंशन हो पाई है। इसके साथ ही अतिरिक्त बजट की मांग की गई है ताकि पेंशन समय पर मिलती रहे।

उन्होंने प्रोबेशन पीरियड केस में साधारण ब्याज के स्थान पर चक्रवृद्धि ब्याज वसूलने, 2006 से पूर्व रिटायर्ड साथियों को सभी तरह के लाभ दिए जाने बारे, नोशनल पे फिक्सेशन, डीलिंकिंग ऑफ सर्विस, समय पर पैंशन का भुगतान, पैंशन ट्रेजरी के माध्यम से दिए जाने, चिकित्सा सुविधा का लाभ दिए जाने और 36 दिन के स्ट्राइक पीरियड से जुड़े ऐसे कई केसों के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को रिटायर्ड टीचर्स की सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए ताकि टीचर्स को सभी देय लाभ मिल सकें।



यमुनानगर। आयोजित बैठक को संबोधित करते रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

#### एकजुट रहकर लड़ें

डॉ. वरिंद्र गांधी ने सभी रिटायर्ड साथियों को एकजुट रहकर अपने हितों के लिए सार्थक प्रयास करते रहने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा निरंतर किए गए प्रयास ही हैं जिसकी वजह से हम अपने हक पाने में सफल हुए हैं। मौके पर रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. बलबीर सिंह, प्रो. अविनाश सिंह, प्रो. बीबी महाजन, प्रो. तनेजा और प्रो. युगेश कुमार ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रो. गुलशन सेठी, प्रो. मीनू कपूर, प्रो. कुलबीर कौर, प्रो. हरजीत कौर, प्रो. केसी गोयल, प्रो. मनोहर सिंह, प्रो. कांता तनेजा व प्रो. पुष्पिंद्र मलिक आदि मौजूद थे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेताओं ने बजट के विरोध में बांटे पर्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव प्यारेलाल तंवर व धर्मपाल टप्परवाल की अध्यक्षता में सोमवार को रादौर के नए बस स्टैंड पर पर्चे बांटकर केंद्रीय बजट 2025-26 का विरोध किया गया। जिला सचिव प्यारेलाल तंवर व धर्मपाल टप्परवाल ने कहा कि यह बजट आम जनता की तात्कालिक और बुनियादी आवश्यकताओं के साथ विश्वास घात है। उन्होंने कहा कि बजट में मनरेगा के लिए आवंटन 86 हजार करोड़ रुपये में कोई वृद्धि नहीं की गई। आयकर छूट 12 लाख रुपये तक बढ़ाने का ढिंढोरा पीटा गया। वामपंथी पार्टियां इस बजट में शामिल सभी जन विरोधी प्रस्तावों को खारिज करती हैं और मांग करती हैं कि आमजन को राहत पहुंचाने के लिए 200 के लगभग डॉलर अरबपतियों पर चार प्रतिशत कर व कॉरपोरेट टैक्स बढ़ाया जाना चाहिए। इसके अलावा सभी फसलों के लिए सी2 प्लस 50 प्रतिशत की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की कानूनी गारंटी दी जाए। मनरेगा के बजट में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए। शहरी रोजगार गारंटी कानून लागू किया जाए, वृद्धावस्था पेंशनों तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों में बजट बढ़ाया जाए।

## नप थानेसर चुनाव : कोमल चौहान, माफी देवी, राज बाला, रत्न कौर, सुनीता कुमारी व रुकमणी में मुकाबला

# प्रधान पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन


नेहा सिंह ( उपायुक्त )


कुरुक्षेत्र। वार्ड 28 से प्रत्याशी डा. दीक्षा गर्ग नामांकन फार्म जमा करवाते हुए।


कुरुक्षेत्र। वार्ड 32 के भाजपा प्रत्याशी सुधीर चुघ नामांकन जमा करवाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीएमसी एवं आरओ सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के लिए प्रधान पद हेतु 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस पद के लिए कोमल चौहान, माफी देवी, राज बाला, रत्न कौर, सुनीता कुमारी व रुकमणी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। यह वार्ड अनुसूचित जाति की महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। इन नामांकन पत्र की छटनी का कार्य 18 फरवरी को होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में नगर परिषद थानेसर आम चुनाव, इस्माईलाबाद व लाडवा उप चुनाव को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन कर नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। इन चुनावों में नोडल अधिकारी हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार आदर्श चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) की सख्ती से पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। सभी नोडल अधिकारी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने नगर निकाय चुनावों को लेकर जारी आदेशों में कहा है कि 2 मार्च को थानेसर नगर परिषद में प्रधान पद के साथ-साथ 32 वार्डों में पार्षद पद के लिए मतदान होना है। इसी तरह इस्माइलाबाद नगर पालिका में प्रधान पद के लिए उप चुनाव तथा लाडवा नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए उप चुनाव होना है। इन चुनावों को निष्पक्ष शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इन चुनावों में परिवहन प्रबंधन के लिए डीआईओ कुरुक्षेत्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह मैन पावर प्रबंधन के लिए डीटीओ, डीएफएससी, प्रशिक्षण प्रबंधन के लिए सम्बन्धित आरओ व एआरओ, डीआईओ एनआईसी व डीआईपीआरओ की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने कहा कि मटेरियल मैनेजमेंट के लिए सम्बन्धित आरओ व एआरओ, एमसीसी की पालना करवाने के लिए आरओ व एआरओ, शराब की अवैध बिक्री के लिए डीटीसी आबकारी, आबजर्वर के लिए डीटीसी सेल, कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि मीडिया मैनेजमेंट के लिए डीआईपीआरओ, कंप्यूटराइजेशन के लिए डीआईओ एनआईसी व इलेक्शन रिपोर्ट के लिए नगराधीश कुरुक्षेत्र को नियुक्त किया है। सभी नोडल अधिकारी चुनावों की ड्यूटी को नियमानुसार पूरी करेंगे, अगर किसी स्तर पर भी एमसीसी के आदेशों की उल्लंघना की तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नप चुनाव : आप उम्मीदवार रुक्मणी वाल्मीकि ने भरा पर्चा



**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद थानेसर से प्रधान पद की उम्मीदवार रुक्मणी वाल्मीकि ने सोमवार को आम आदमी पार्टी की तरफ से पर्चा दाखिल किया। रुक्मणी वाल्मीकि ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन को नामांकन पत्र सौंपा। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़, पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट जवाहर गोयल, कृष्ण बजाज मौजूद रहे। पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट जवाहर गोयल ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में फैले भ्रष्टाचार से थानेसर की जनता तंग है। आमजन अब इस भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना चाहता है। आमजन ने आम आदमी पार्टी की प्रधान पद की उम्मीदवार रुकमणि वाल्मीकि को मत देने का मन बना लिया है।

### माफी ढांडा व भाजपा प्रत्याशियों की होगी जीत : वर्मा



**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की चेयरपर्सन की प्रत्याशी माफी ढांडा सहित सभी वार्ड पार्षद भारी मतों से जीतकर शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार के सपने को साकार करेंगे। उक्त विचार बीजेपी नेता और भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।अनिल वर्मा ने कहा कि नगर के लोगों के भारी जनसमर्थन से पहले ही केंद्र में और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बहुमत वाली डबल इंजन की सरकार तीव्र गति से चल रही है ऐसे में नगरवासियों का यह सपना है कि स्थानीय स्तर पर भी भाजपा की चेयरपर्सन और पार्षद विकास के कार्यों को अंजाम दें और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दें।

### इस्माईलाबाद नपा उपचुनाव में प्रधान पद के लिए 5 ने प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**इस्माईलाबाद।** एमडी शुगर मिल एवं इस्माईलाबाद नगरपालिका चुनावों के रिटर्निंग अधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस्माइलाबाद नगरपालिका उप चुनाव में प्रधान पद के लिए 5 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भरा है। इन नामांकन पत्रों की छटनी का कार्य 18 फरवरी को किया जाएगा। एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस्माइलाबाद नगरपालिका उप चुनाव प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन दीप शिखा, एकता, मेघा बंसल, निशा रानी, हरजीत घोत्तरा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा, वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं,19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। इन चुनावों के लिए निर्धारित शैडयूल के अनुसार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

### लाडवा नगर पालिका वार्ड 11 उप चुनाव में पार्षद पद के लिए 3 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

लाडवा। एसडीएम लाडवा एवं रिटर्निंग अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि नगर पालिका लाडवा में उप चुनाव के लिए पार्षद पद हेतु 3 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस नगर पालिका में वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव होना है। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन नपा लाडवा में वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए नीरज गोयल, संजीव कुमार और अरुण सैनी ने अपना नामांकन पत्र जमा करवाया है। उन्होंने कहा कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा, वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं, 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। इन चुनावों के लिए निर्धारित शैडयूल के अनुसार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।


### 32 वार्डों से 99 प्रत्याशियों ने जमा किए पार्षद पद के लिए नामांकन

कुरुक्षेत्र। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि वार्ड 1 से आकश भट्ट, हरि राम,गौरव कुमार, आकाश भट्ट, कुलविन्द्र कौर, अशोक कुमार भट्ट, हरि राम,वार्ड 2 से प्रवीण शर्मा, संजना, नीलम रानी, निशा, वार्ड 3 से आरजू, रूबी, सिमरन, राज रानी,वार्ड 4 से नरेश कुमार, कमल किशोर,वार्ड 5 से विवेक भारद्वाज, सोनिया भारद्वाज, संदीप कोहली, वार्ड 6 से ज्योति, कलावंती, वार्ड 7 से सतीश कुमार, निशा रानी, वार्ड 8 से सतीश कुमार, कपिलदेव, जगत सिंह, वार्ड 9 से दीपक कुमार, सतपाल शर्मा, शुभम कुमार, विकास कुमार, मानक सिंह, वार्ड 10 से रविन्द्र कुमार, पंकज खन्ना, सतनाम सिंह, वार्ड 11 से सुषमा मैहत्ता, विभा शर्मा, वार्ड 12 से दरबारा सिंह, नरेश कुमार, सतबीर सिंह, वार्ड 13 से महेन्द्र सिंह मलिक, दुष्यंत हरयाल, वार्ड 14 से बकशीश कौर, सविता सैनी, वार्ड 15 से पंकज अरोड़ा, मोहन लाल अरोड़ा, आशु गाबा, सुमिता बहमनी, महक ने अपना नामांकन पत्र भरा है। उन्होंने कहा कि वार्ड 16 से सरिता देवी, रतन कौर, गुरप्रीत कौर, वार्ड 17 से प्रेम नारायण अवस्थी, सुरजीत सिंह, वार्ड 18 से श्याम लाल, वार्ड 19 से मुकंद लाल, वार्ड 20 से महिन्द्र सिंह, वार्ड 21 से एकता गोयल, वार्ड 22 से चेतन, ओम प्रकाश, मनिंद्र सिंह, तुषार, वार्ड 23 से तवलीन कौर, परमवीर सिंह, लवप्रीत सिंह,वार्ड 24 से पूजा, जीवन ज्योति, वार्ड 25 से रेखा, आशु बाला, दीक्षा, नीतू रानी, रेशमा रानी, सुदेश रानी, वार्ड 26 से प्रिया रानी, गीता, संतोषी देवी, वार्ड 27 से धनराज, रविन्द्र कुमार, पृथ्वी राज, सोनिया, हेम चंद्र, वार्ड 28 से रेखा, सीमा देवी, पूजा दहिया, विजय लक्ष्मी, ढीक्षा मास्टर, सीमा रानी,वार्ड 29 से राम राज, मन्नू जैन, वार्ड 30 से वेद प्रकाश, राजेन्द्र कुमार, वार्ड 31 से कवि बजाज, इन्दु बजाज, राजेश कुमार, संदीप कुमार, गौरव शर्मा मास्टर, नेहा शर्मा मास्टर, वार्ड 32 से सुधीर कुमार चुघ, कुलदीप कुमार, राजीव कुमार ने अपना नामांकन पत्र भरा है।

## हर समस्या का निवारण गीता में : ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ज्योति नगर में दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया गया। थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा आरती में शामिल हुए और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज से आशीर्वाद लिया। सत्संग का शुभारंभ डॉ. सुरेंद्र मेहता, धर्मबीर डागर, पूर्व पार्षद संदीप कोहली, डॉ. सतेंद्र गौड़, मदन मोहन छाबड़ा तथा मंगत राम जिंदल ने दीप प्रज्वलित करके किया। राज सिंह राठी, उमा गौड़, प्रवीण गुप्ता, विवेक भारद्वाज डब्बू, धीरज गुलाटी, राजीव अत्री, अशोक रोशा, विजय नरूला, गुरदयाल सुनहेड़ी, हंसराज गुलाटी, विरेंद्र वालिया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गीता पूजन किया। सभी अतिथियों को गीता मनीषी ने आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर गीता मनीषी द्वारा ओम नमो भगवते के जाप से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स ने किया।


कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज से आशीर्वाद लेते विधायक अशोक अरोड़ा।


कुरुक्षेत्र। दिव्य गीता सत्संग में उपस्थित श्रदालु।

## नया कृषि कानून उन्हीं पुराने तीन कानूनों को लागू करने की साजिश : गुरनाम चढ़ूनी

- भाकियू चढ़ूनी की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित
- हरपाल को प्रदेश संगठन सचिव ओर अर्शपाल चढ़ूंनी को युवा प्रदेश महासचिव किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की प्रदेश कार्यकारणी की बैठक जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र मे राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढ़ूनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे प्रदेशभर से संगठन के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने किया। बैठक मे संगठन के विस्तार व मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई।



इसमें हरपाल सुडल को प्रदेश संगठन सचिव ओर अर्शपाल चढ़ूंनी को युवा प्रदेश महासचिव नियुक्त करने पर भाकियू कार्यकर्ताओ ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढ़ूनी ने कहा कि नया कृषि कानून उन्हीं पुराने तीन कानूनों को लागू करने की साजिश है। इस कानून के लिए किसान वर्ग को गांव गांव जाकर जागरूक जरूर करेंगे।

## तुम मुझे यूं भुला न पाओगे... गीत से दी लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

- गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम आयोजित

सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में रविवार सायं तीसरा वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम /"सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम/" आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक मंडल,समूह की महिला सदस्याओं और मार्गदर्शक मंडल सदस्यों उद्योगपति एवं समाजसेवी आशीष सभ्रवाल व राधिका सभ्रवाल,अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला,जिला जूडो संघ कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी संजीव छाबड़ा और व्यवसायी गगनदीप ढींगरा आशु ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अम्बाला से जूनियर बप्पी लहरी इंद्र परुथी याका रहे,जिन्होंने बप्पी दा के एक से बढ़कर एक गीत /"याद आ रहा है तेरा प्यार/"...., आव्वा आव्वा सारे यहां आहा नच्चे नच्चे..., मेरे दिल गाए जा जूबी... जूबी... जूबी... जूबी...और तू मुझे जान से भी प्यारा है...आदि प्रस्तुत करके 80 के दशक की यादें ताजा करवाई।




## निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

निकाय चुनावों को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस संदर्भ में 18 फरवरी को कुरुक्षेत्र में सेक्टर 8 स्थित भाजपा कार्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली सहित राज्य के सभी मंत्री एक महत्वपूर्ण बैठक में एकत्रित होंगे। यह बैठक विशेष रूप से निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित की जा रही है, जिसमें पार्टी के नेताओं द्वारा चुनावी रणनीतियों, संगठनात्मक ताकत, और प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक का आयोजन राज्य की आगामी निकाय चुनावों के मद्देनजर किया जा रहा है, ताकि इन चुनावों में पार्टी की सफलता सुनिश्चित की जा सके। शैलेश वत्स ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष बड़ोली, मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ प्रदेशभर के मंत्री, विधायक, सभी नगर निगमों के मेयर,परिषदो के चेयरमैन, कारपोरेशन के चेयरमैन व 18 जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रभारी और पार्टी के वरिष्ठ नेता इस बैठक में शामिल होंगे, जिसमें चुनावी रणनीतियों के साथ-साथ स्थानीय मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन, प्रचार रणनीतियों और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने पर चर्चा की जाएगी। पार्टी की कोशिश होगी कि इन चुनावों में राज्यभर के हर क्षेत्र में अपनी मजबूती बनाए रखे और लोगों के बीच पार्टी का सकारात्मक संदेश पहुंचाए।

### शारदा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

पिहोवा। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला गुजरान के प्रांगण में विद्या की देवी मां शारदा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हवन यज्ञ कर धूमधाम से मनाया गया। गांव के पूर्व सरपंच श्री राजकुमार व संजू जी के परिवार की तरफ से मां के दिव्य स्वरूप की विद्यालय में प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई इस अवसर पर पूज्य संत, गांव के गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुमन बाला व समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर के तीन विद्यार्थियों हनीश कक्षा षष्ठम, मानसी प्यासी और विहान कक्षा अष्टम को मतदान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने मतदान के विषय में लोगों को जागरूक करने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता अभियान में इन विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय है। इससे लोगों को मतदान के महत्त्व का पता चलता है। ऐसे आभियान के माध्यम से विद्यार्थी अपने अभिभावकों को भी जागरूक करते हैं। इसके साथ ही उनमें अपने राष्ट के प्रति सेवा और समर्पण का भाव पैदा होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि युवा शक्ति प्रजातंत्र के अहम प्रहरी की भूमिका निभाते हुए जीवन में आगे बढ़ें। युवा मतदाता देश के प्रबुद्ध नागरिक के रूप में सजग मतदाता बनकर राष्ट्र निर्माण में अपने दायित्व का निर्वहन करें। मतदान लोकतंत्र को कायम रखने, सामाजिक परिवर्तन को सक्षम करने, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और नागरिकों को शिक्षित करने के लिए मतदान अपरिहार्य है। चुनावी प्रक्रिया में भाग लेकर, भारतीय नागरिक अपने मौलिक लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हैं और अपने समाज की बेहतरी में योगदान देते हैं।



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में शामिल गणमान्यजन।

### श्रीकृष्ण कथा के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गुंजायमान हुई धर्मनगरी

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 18 फरवरी से 24 फरवरी सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, प्रोफेसर कॉलोनी, नरकातारी रोड़ थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। दिव्य गुरुश्री आशुतोष महाराज की शिष्या भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती प्रभु की पावन कथा का वाचन करेंगी। कथा के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला नजदीक पुराना बस स्टैंड से भव्य मंगल कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ डी ी चौधरी वाइस प्रेसिडेंट जिला परिषद, श्रीमति उमा सुधा पूर्व चेयरपर्सन नगर परिषद, श्रीमति अनुपमा सैनी, सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं रेखा शर्मा निवर्तमान पार्षद द्वारा झंडा फहराकर किया गया। यात्रा के दौरान 1100 सौभाग्यवती महिलाओं ने कलश को अपने सिर पर उठाया और भगवान के पवित्र नाम का जयघोष भी किया। कलश यात्रा के महत्व को बताते हुए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने बताया कि हमारे शास्त्रों में आता है कि कलश के अग्रभाग में देवताओं का निवास होता है एवं यह कलश हमारे मस्तिष्क में स्थित अमृत का प्रतीक है और यह यात्रा हमें संकेत करती है उस दिव्य अमृत को प्राप्त करने की ओर कलश में आम के पेड़ के पत्तों को रखा जाता है।

**कार्यक्रम** महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में किया जाएगा मेले का आयोजन

# श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व, तैयारियां पूरी

25 फरवरी को सुबह 2:30 से लेकर 26 को दोपहर 12:30 मिनट तक लाखों श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में महाशिवरात्रि का पर्व 25 और 26 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की ओर से महाशिवरात्रि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 25 फरवरी को सुबह 2 बजकर 30 मिनट से लेकर 26 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी एवं मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में मेले का आयोजन किया जाएगा।



इस अवसर पर मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवादल के लगभग 350 सदस्य ड्यूटी संभालेंगे। रात्रि के 11:30 से लेकर 12:30 तक भस्माभिषेक कार्यक्रम होगा। जिसमें संत महात्मा गाय के गोबर के अपनों से बनी भस्म से अभिषेक पूजन करेंगे। श्रद्धालुओं के लिए सभी धर्मशालाओं में भंडारों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि नव निर्माण कार्य के बाद इस बार श्रद्धालुओं को पूरा मंदिर परिसर नए लुक में नजर आएगा। भगवान भोलेनाथ को उज्जैन महाकाल की तरह लगभग 35 किलो चांदी से सुसज्जित किया गया है। इस विशेष रूप से जयपुर के कलाकारों ने तैयार किया है। मंदिर के गर्भ गृह के दरवाजों को चौड़ा करके निकासी द्वार की तरफ लाइनों को बढ़ाया जाएगा ताकि भीड़ पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए कई एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मेला परिसर में झूले और मनोरंजन के अन्य साधन भी पहुंचने लगे हैं। इस दौरान रोडवेज की ओर से भी मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर के अंदर से जलाभिषेक का पूरा वीडियो एलईडी पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। जिसे श्रद्धालु बाहर से ही निहार सकेंगे। लाइनों में लगने वाले श्रद्धालुओं के लिए जल एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए अलग से दर्शनों की लाइन बनाई जाएगी।

### जलहरी से होगा जलाभिषेक

सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि भीड़ पर नियंत्रण के लिए पिछली बार की तरह इस बार भी जलहरी लगाई जाएगी। श्रद्धालु बाहर से ही जलहरी में अपनी सामग्री और जल डालेंगे। जो शिवलिंग तक पहुंचेगी। भूषण गौतम ने बताया कि मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रवेश से बाहर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जलहरी की व्यवस्था से श्रद्धालु तुरंत जलाभिषेक कर सकेंगे। इसके अलावा मंदिर में इस भांप से बना भोजन श्रद्धालुओं को भंडारे में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंगर हाल को भी तीन अलग-अलग हिस्सों में विभाजित किया गया है जिसमें एक हिस्सा संत महात्माओं के लिए रिजर्व रहेगा और दो में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर को लाइटिंग से सजाया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर में लगे 32 सीसीटीवी और दो पीटीजेड कैमरों के अलावा 18 अतिरिक्त कैमरे एवं दो ड्रोन से पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था के लिए भी पुलिस से 60 अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की गई है। गलत तरीके से खड़े किए जाने वाले वाहन जो जाम का कारण बनते हैं उनको हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था भी की जाएगी। भूषण गौतम ने कहा कि मंदिर प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं को प्रत्येक आवश्यक सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### चेयरपर्सन पद हेतु चित्रा ने मनदीप को उतारा

**अंबाला।** अंबाला छावनी विधानसभा सीट से आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने भी अंबाला सदर नगर परिषद से चेयरपर्सन पद हेतु अपनी उम्मीदवार मैदान में उतार दी। सोमवार को चित्रा ने प्रत्याशी मनदीप कौर का नामांकन पत्र दाखिल करवाया। इस दौरान भारी समर्थकों के साथ वे आरओ के पास नामांकन पत्र दाखिल करवाने पहुंची थी। यहां मीडिया से चित्रा ने कहा कि विधानसभा की तरह वे पूरी ताकत के साथ चेयरपर्सन का चुनाव लड़वाएंगी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर वार्डों से भी उनके समर्थक चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी समर्थित प्रत्याशी चुनाव में जीत का परचम लहराएगी।

### पौधरोपण के बारे में किया जागरूक

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थम्बड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत पी.टी. एवं योग सत्र से हुई। विद्यालय के डीपी निर्भय सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को योग के लाभों के बारे में बताया और स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर लगा

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विषय पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण था। शिविर में तीनों इकाइयों के लगभग साठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर तैयार किये तथा कॉलेज परिसर में विभिन्न स्थानों पर पचास पौधे भी लगाए गए।

### जीएमएन कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के बीसीए, बीबीए और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिट बुल्स आई द्वारा बिजनेस शार्क कांटेस्ट के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रांच हेड शिवानी और दीपिका मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा किया गया। उद्घाटन भाषण में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने में सहायक होते हैं।

### चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रामदास को गिरफ्तार किया है। धनाना के मेजर सिंह ने 16 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 नवंबर 2024 को गांव तसडौली से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# भाजपा पर कमल खिलाने का दबाव, कांग्रेस के पास खोई प्रतिष्ठा बचाने का मौका

- पहली बार मेयर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस ने पंजाबी समुदाय की उम्मीदवारों पर लगाया दांव
- बनिया व ब्राह्मण समुदाय के वोटर करेंगे हार जीत का फैसला, दोनों उम्मीदवार मैदान में उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





**अंबाला।** प्रचार के दौरान मंदिर में आशीर्वाद लेती सैलजा सचदेवा व प्रचार में उतरी अमीषा चावला। *फोटो : हरिभूमि*

नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही अंबाला शहर नगर निगम में मेयर उपचुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में उतर आए हैं। भाजपा की सैलजा सचदेवा निरंतर लोगों से मुलाकात कर समर्थन जुटा रही हैं जबकि उनके पति एडवोकेट संदीप सचदेवा भाजपा नेताओं के साथ घर-घर पत्नी की जीत के लिए वोट की अपील कर रहे हैं। उधर सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करते ही कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने भी जीत के लिए कमर कस ली। पार्टी नेताओं से मुलाकात के साथ ही वह चुनावी जीत की रणनीति बना रही हैं। चावला की जीत का पूरा दारोमदार विधायक निर्मल सिंह कंधों पर रहेगा।

### दिल्ली जीत के बाद भाजपा के हौसले बुलंद

नगर निगम चुनाव में जीत के लिए सैलजा सचदेवा के हौसल पहले दिन से ही बुलंद हैं। दरअसल इसके पीछे भाजपा को दिल्ली में मिली जीत है। जबकि पार्टी को मिल रही हार की वजह से कांग्रेसी मायूस नजर आ रहे हैं। हालांकि इस बार मेयर उपचुनाव में भाजपा कांग्रेस में आमने सामने की टक्कर है। ऐसी स्थिति में भाजपा प्रत्याशी की राह को आसान नहीं कहा जा सकता। चूंकि विधानभा चुनाव में अंबाला शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी एंव पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल मजबूत पार्टी संगठन के बावजूद हार का सामना करना पड़ा था। जबकि दूसरी ओर बिना संगठन के ही कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने यहां से जीत का स्वाद चखा था।

### चावला अनुभवी लीडर सैलजा भाजपा पर निर्भर

मेयर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला अनुभवी लीडर के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं जबकि इस मामले में सैलजा सचदेवा पूरी तरह से भाजपा लीडरशिप पर निर्भर दिख रही हैं। सैलजा का यह पहला चुनाव है जबकि अमीषा चावला पहले निगम सदस्य रह चुकी हैं। साथ ही पिछले मेयर चुनाव में वे एचडीएफ की टिकट पर 16 हजार से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर रही थी। अमीषा का परिवार पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के बेहद करीबी है। चावला के पति स्वर्गीय बिट्टू चावला कांग्रेस सरकार में सीएम के मीडिया एडवाइजर रह चुके हैं। इस चुनाव में भाजपा के पास पहली बार कमल खिलाने और कांग्रेस के पास खोई प्रतिष्ठा बचाने का मौका है। दोनों दलों ने पंजाबी चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा है।

### मतदान फीसदी बढ़ने की संभावना

2013 में हुए निगम चुनाव में 67 फीसदी मतदान हुआ था जबकि 2020 में मतदार गिरकर 56.3 फीसदी रहा था। इस बार भाजपा जोश में दिख रही है। दिल्ली जीत का असर हर कार्यकर्ता पर दिख रहा है। इसी वजह से इस बार मतदान फीसदी बढ़ने की बात कही जा रही है। दिसंबर 2020 में हुए मेयर चुनाव में शहर के एक लाख 87 हजार मतदाता में से एक लाख पांच हजार मतदाताओं ने मतदान किया था जबकि 82 हजार ऐसे मतदाता थे जिन्होंने वोट डालने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। इसी तरह दो जून 2013 में हुए पहले नगर निगम चुनाव में 67 प्रतिशत ने ही वोट डाले थे।

### शक्ति रानी बनी थी पहली महिला मेयर

2020 में हुए निगम चुनाव में हरियाणा जनचेतना पार्टी की उम्मीदवार शक्ति रानी शर्मा अंबाला शहर की पहली मेयर बनी थी। चुनाव में शक्ति रानी शर्मा को 37 हजार 604 वोट मिले थे जबकि भाजपा की वंदना शर्मा को 29 हजार 520 वोट हासिल हुए थे। उस समय हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरी अमीषा चावला को 16 हजार 421 वोट और कांग्रेस की मीना अग्रवाल को 13 हजार 797 वोट मिले थे। शक्तिरानी शर्मा ने भाजपा की वंदना शर्मा को 8 हजार 84 मत से हराया था। बीते विधानसभा चुनाव में शक्ति रानी शर्मा कालका से विधायक बन गई हैं। इसी वजह से यहां मेयर की सीट रिक्त हुई है। चुनाव जीतकर मेयर बनने वाली उम्मीदवार का कार्यकाल जनवरी 2026 तक रहेगा।

## मेयर उपचुनाव के लिए भाजपा- कांग्रेस उम्मीदवारों में सीधी टक्कर, सदर नप के लिए भाजपा की स्वर्ण कौर उतरी मैदान में

# निकाय चुनावः नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी, छंटनी के बाद नामांकन वापिस लेने का होगा मौका

मंत्री विज की अगुवाई में भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन, बोले मैं तूफानो से खेलता हूं, मैं खुद भी एक तूफान हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला







**अंबाला।** बराड़ा नपा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी, मेयर उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करती कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला व मंत्री विज के साथ नामांकन करने पहुंचे चेयरपर्सन उम्मीदवार व समर्थकों के साथ विज।

निकाय चुनावों के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। अंतिम दिन भारी संख्या में उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नगर निगम में मेयर उपचुनाव के लिए आखिरी दिन कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने दिग्गजों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि अंबाला छावनी में परिवहन मंत्री अनिल विज की अगुवाई में नगर परिषद की चेयरपर्सन प्रत्याशी स्वर्ण कौर समेत सभी 32 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। इसी तरह बराड़ा नगरपालिका चुनाव के लिए भी नामांकन पत्र दाखिल करने की कार्रवाई पूरी हो गई। अब प्रशासन की ओर से सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अगले दो दिन नामांकन पत्र वापिस लेने की कार्रवाई होगी। 19 को ही सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न अलॉट कर दिए जाएंगे।

### तूफानों से खेलता हूं ,मैं खुद भी एक तूफान हूं

अंबाला सदर नगर परिषद से भाजपा की चेयरपर्सन उम्मीदवार स्वर्ण कौर के साथ सभी 32 सदस्य उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान भाजपा की ओर से शक्ति प्रदर्शन किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं की अगुवाई खुद परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज ने की। उन्होंने यहां अपने संबोधन में कहा कि तूफानों से खेलता हूं मैं, मैं खुद भी एक तूफान हूं। ये पक्तियां सुनते ही कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। विज ने जोशिले अंदाज में कहा कि "विकास का जो रथ छावनी में मैने चलाया है उसे और तेजी से चलाने के लिए आज उस रथ के साथ 32 घोड़े जुड़ रहे हैं। सभी मिलकर छावनी को सुंदर और प्रदेश का सबसे बेहतरीन शहर बनाएंगे। विरोधियों को मंच से जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में "कुछ कठनाइयां आती हैं। प्रत्याशियों को उस ओर ध्यान नहीं देना है। दिशा भ्रम करने के लिए अगर कोई खेल खेलता है तो आपने पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता होकर काम करना है। आपको किसी बात की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है"। उन्होंने कहा प्रत्याशियों ने केवल अपना चुनाव लड़ने की तरफ ध्यान देना है। कुछ शरारती तत्वों ने विधानसभा चुनाव में हमें भटकाने की कोशिश की थी मगर प्रत्याशियों को उनके बहकावे में नहीं आते हुए अपने लक्ष्य को अर्जुन की तरह मछली की आंख पर निगाह रखते हुए जीत पर ध्यान देना है।

### इन उम्मीदवारों ने किया नामांकन

भाजपा की ओर से चेयरपर्सन पद के लिए स्वर्ण कौर ने नामांकन दाखिल किए। इसके अलावा वार्ड नंबर एक से भरत कोच्छड़, वार्ड नंबर दो से रीना, वार्ड नंबर तीन से मोहित कौशिक, वार्ड नंबर चार से शिल्पा पासी, वार्ड नंबर पांच से नानकचंद, वार्ड नंबर छह से उमेद राणा, वार्ड नंबर सात से संजीव अत्री, वार्ड नंबर आठ से सोमनाथ, वार्ड नंबर नौ से रेणू चौहान, वार्ड नंबर दस से रमन छतवाल, वार्ड नंबर 11 से आंचल सैनी, वार्ड नंबर 12 से सतीश धीमान, वार्ड नंबर 13 से विष्णु शर्मा, वार्ड नंबर 14 से नरेश कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 15 से भूपेश शर्मा, वार्ड नंबर 16 से भोली बिंद्रा, वार्ड नंबर 17 रश्मि वर्मा, वार्ड नंबर 18 से श्याम सुंदर अरोड़ा, वार्ड नंबर 19 गौरव सैनी, वार्ड नंबर 20 प्रियंका, वार्ड नंबर 21 से बलिंद्रपाल, वार्ड नंबर 22 प्रमोद लक्की, वार्ड नंबर 23 से ललिता प्रसाद, वार्ड नंबर 24 से महेश नागर, वार्ड नंबर 25 से विकास सोनकर, वार्ड नंबर 26 नरेश धवन, वार्ड नंबर 27 से शिवाजीत काकरान, वार्ड नंबर 28 से महेशचंद अग्रवाल, वार्ड नंबर 29 से आशीष जायसवाल, वार्ड नंबर 30 से नीतू, वार्ड नंबर 31 शशि लोंगिया और वार्ड नंबर 32 से निधि गर्ग ने भी सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया नामांकन

मेयर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने नामांकन पत्र दाखिल किया। चावला का नामांकन पत्र दाखिल करवाने के लिए सांसद दीपेंद्र हुड्डा, अंबाला सांसद वरूण चौधरी व अंबाला शहर विधायक चौधरी निर्मल सिंह पहुंचे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने अब तक कुल दो लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

### बराड़ाः नपा के लिए भी हुई प्रक्रिया पूरी

**बराड़ा।** नगर पालिका चुनाव के लिए अंतिम दिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नपा चेयरमैन पद के लिए दविंद्र कुमार, रजत, नवजोत सिंह, गौरव मालिक व हरजिंदर सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एसडीएम अमित भारद्वाज ने बताया कि सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर 14 पार्षद के लिए संदीप कोहरा, राजेश कुमार व अजय कुमार, वार्ड नंबर 1 से सुरेंदर सिंह, ऋषि कुमार व लखविंदर कुमार, पवन कुमार व विक्रम कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी तरह वार्ड नंबर 10 से दिग्विजय, प्रमोद कुमार, भावना शर्मा व धर्मेंद्र सिंह, वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह व नरिंद्र कौर, वार्ड नंबर 4 से साहब सिंह, जगजीत व ममता रानी, वार्ड नंबर 11 से विजय सिंह, ओमवीर व मनीषा, वार्ड नंबर 7 से प्रियंका, वार्ड नंबर 12 से दीपा सैनी व अनिता ने नामांकन दाखिल किया। इसी तरह वार्ड नंबर 2 से अमित कुमार, पवन कुमार, पारुल, प्रदीप कुमार व सोहन लाल, वार्ड नंबर 15 से जयंत, हरजीत सिंह व विजय कुमार, वार्ड नंबर 6 से बलजिंदर सिंह व आर्यन नामसूत, शमशेर सिंह, हरजीत सिंह व दविन्द्र कुमार, वार्ड नंबर 5 से अर्चना देवी व निधि मेहता, वार्ड नंबर 13 से रिंपी रानी व निखिल जिंदल, वार्ड नंबर 3 से नैंसी रानी, अर्पणा व दिव्य कपूर, वार्ड नंबर 9 से नरिंद्र कौर, नजमा, शहाना व वर्षा देवी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

# बराड़ाः दादा-दादियों का सम्मान

- अकाल अकादमी होली में दादा-दादी दिवस उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



**बराड़ा।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्कूली बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

अकाल अकादमी होली में दादा-दादी दिवस बड़े उत्साह और स्नेह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल जसमीत कौर ने अपने स्वागत भाषण में दादा-दादी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे दादा-दादी के प्रति प्रेम और सम्मान झलक रहा था। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण /"दादा-दादी साक्षात्कार/" रहा, जिसमें बच्चों ने अपने दादा-दादी से उनके बचपन, रुचियों और जीवन अनुभवों के बारे में सवाल किए। इस मौके पर स्कूल में फोटो बूथ, सिक्का गेम, डिस्पोजल द्वारा पिरामिड और संगीत कठपुतली जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में एक विशेष सम्मान समारोह रखा गया, जिसमें दादा-दादी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और स्वादिष्ट ब्रंच के साथ हुआ, जहां छात्रों ने दादा-दादी के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया। छात्रों ने कहा कि वे खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उनके जीवन में दादा-दादी हैं जो हमेशा उन्हें प्रेरित और मार्गदर्शन देते हैं।

### यूएस से डिपोर्ट होकर गांव पहुंचा परिवार

**मुलाना।** अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वालों का सिलसिला निरंतर चल रहा है। अब कस्बे के गांव खान अहमदपुर का रहने वाला एक परिवार भी डिपोर्ट होकर वापिस लौट आया है। पुलिस सुरक्षा में घर पहुंचे इस परिवार में पिता जगविंद्र सिंह, पत्नी जगमीत कौर, बेटी महकदीप कौर और बेटा रवनीत सिंह भी शामिल है। इस परिवार ने ने 28 दिसंबर 2024 को अमेरिका जाने के लिए डंकी रूट का सहारा लिया था। जगविंद्र सिंह भारतीय सेना से रिटायर है। वह अपने परिवार के साथ दोपहर को खान अहमदपुर स्थित घर पहुंचे। घर लौटने के बाद परिवार बेहद आहत नजर आया। परिजन किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

# शाहपुर नुर्द से ठरवा तक सड़क का होगा निर्माण

- पूर्व विधायक ने कई गांवों में नई योजनाओं के शिलान्यास के साथ किया उद्घाटन, कहा राज्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सबसे प्रमुख गांव शाहपुर नुर्द से ठरवा तक बनने वाली 58 लाख रुपये की लागत से सडक़ है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

सैनी ने गांव शाहपुर नूर्द में 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पब्लिक हेल्थ ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस ट्यूबवेल के शुरू होने से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होगा। इसी गांव में मुख्य फिरनी सडक़ के निर्माण का उद्घाटन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और गांव का बुनियादी ढांचा और मजबूत होगा। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांवों में भी विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शुभारम्भ किया। इनमें गांव नगला राजपूतान, गांव हसनपुर, गांव भूखड़ी, गांव फतेहपुर, गांव नंदुवाली, गांव ज्योली, गांव नखड़ौली और गांव महुआखेड़ी शामिल हैं। इन गांवों में सडक़, पेयजल, शिक्षा और आधारभूत संरचना से जुड़े विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# ईश्वर वही हो सकता है जो सबका गुरु हो

- ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में विशाल भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती मुख्य वक्ता व बीके बहनें।

ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से सोमवार को महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में छावनी के खुखरैन भवन में विशाल भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि ईश्वर वही हो सकता है जो सर्वोच्च हो, जो सबका गुरु हो, जिसे अपना कोई गुरु न हो, जो सबका शिक्षक हो, उसका कोई शिक्षक न हो, जो सबका माता-पिता हो उसका कोई मात पिता न हो, जो सबका दाता हो उस भगवान को देने वाला कोई नहीं हो। देव आत्माएं अनेक है लेकिन परमात्मा एक है। उस एक परमपिता परमात्मा का कल्याणकारी नाम शिव है। वह अनंत गुणों का भंडार गुणों का सागर है। हम दुनिया में देखते हैं अगर बच्चे का जन्म रात को भी हो तब भी उसका बर्थडे बनाते हैं लेकिन केवल एक परमात्मा शिव के साथ रात्रि शब्द लगाते हैं क्योंकि भगवान जब इस संसार पर आते हैं।

## शिवरात्रि उत्सव को लेकर भव्य कार्यक्रम

# आत्मा की संभाल को परमात्मा के ज्ञान का करें श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती एक कलाकार व मौजूद बीके बहनें व अन्य।

अंबाला शहर के कंचघर स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिवरात्रि उत्सव पर बेहद सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ने कहा मेरी सोच अगर ठीक होगी तभी मेरा परिवर्तन होगा।

तभी मेरे आस-पास का वायुमंडल अच्छा होगा। एक चीज जो हमको सुंदर बनने नहीं दे रही है, वह है हम अपने आप को बदलने का काम नहीं कर रहे हैं। हम सभी एक विशेष शब्द का बहुत उपयोग करते हैं चाहे फिर वह किसी काम को शुरू करने से पहले या फिर कहीं आने-जाने से पहले हो वह शब्द है ध्यान से। इस शब्द का बहुत विशेष आध्यात्मिक महत्व है जिसको आज हम जैसे भूल ही गए हैं। ध्यान से माना ही प्रभु के ध्यान में मग्न होकर अपना हर कर्म करना, प्रभु के ध्यान में ही सफ़र करना या फिर कोई भी अन्य कार्य प्रभु के ध्यान में ही शुरू करना ही इसका यथार्थ भाव है। हम सभी चेक करे कि मेरे मन में एक कोना था, क्या उस कोने को मैंने साफ किया।

हमें चेक करना चाहिए सारा समय हम दूसरों को क्या दे रहे हैं? ज्यादातर हम दूसरों को कोसते ही है यह ऐसा है, यह यह नहीं करता व यह मेरी सुनता नहीं तो जो हम दूसरों को दे रहे हैं वही हमारे पास वापस आता है। यहां से यह संकल्प लेकर जाना है कि मैंने अपने मन में किसी के प्रति भी वैर भाव नहीं रखना है। अपने मन के कोने को साफ रखना है। हर दिन में एक-एक घंटे में चेक करना है।

### पंजाबी गायक ओमप्रकाश ने सबको मंत्रमुग्ध किया

सीएमओ सिविल अस्पताल राकेश सहल ने कहा मेरे पास शब्द ही नहीं है बताने के लिए की इस स्थान पर आकर मुझे कितनी खुशी सुख शांति महसूस हो रही है। पंजाबी गायक ओमप्रकाश ने अपने संगीत की कला द्वारा सबको मंत्रमुग्ध किया। कुमारी नव्या, अनाया व इंद्री से पधारे कुमार हनी भाई ने भी अपने नृत्य प्रस्तुति द्वारा सबका दिल जीता। बीके राकेश मेहता ने शायराना अंदाज में मंच संचालन किया। इस अवसर पर अर्चना मनचंदा, वीरेंद्र वालिया एसएचओ शहजादपुर, पिंकी जग्गी, सीनियर एडवोकेट कमलेश गुप्ता व अन्य गणमान्य हस्तियां भी यहां मौजूद रही।